हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 12 अंक : 304 देहरादून, शनिवार, 01 जून, 2024 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 16



दून मेडिकल कॉलेज का संदेश, तंबाकू से बच्चों को बचाना है उद्देश्य 3

# चारधाम यात्रा : गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ लगातार की जा रही है चालान की कार्रवाई






**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

उत्तराखंड 01 जून : ग्यारहवें ज्योतिर्लिंग केदारनाथ धाम में दर्शन करने पहुंच रहे तीर्थ यात्रियों को साफ-स्वच्छ वातावरण उपलब्ध हो, इसके लिए जिलाधिकारी के निर्देशन में जिला पंचायत, नगर पालिका, नगर पंचायत एवं सुलभ इंटरनेशनल द्वारा अपने-अपने क्षेत्रांतर्गत निरंतर बेहतर साफ-सफाई की व्यवस्था कराई जा रही है।

अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत केदारनाथ चंद्रशेखर चौधरी ने अवगत कराया है कि केदारनाथ धाम में दर्शन करने आ रहे तीर्थ यात्रियों को साफ-स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराए जाने के लिए नगर पंचायत केदारनाथ के पर्यावरण मित्रों द्वारा निरंतर साफ-सफाई कराई जा रही है जिसमें आज विशेष स्वच्छता अभियान के तहत सरस्वती नदी के तट एवं भैंरो मंदिर परिसर तक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया जिससे लगभग 30 किलो प्लास्टिक कूड़ा एकत्रित किया गया। उन्होंने यह भी कहा कि नगर पंचायत द्वारा दर्शन करने पहुंच रहे तीर्थ यात्रियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है एवं कूड़े को कूड़ेदान में ही डालने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। केदारनाथ धाम में साफ-सफाई व्यवस्था ठीक न करने तथा गंदगी करने वाले 34 व्यक्तियों का चालान किया गया है जिससे 6 हजार दो सौ रुपए अर्थदंड के रूप में वसूला गया है।

सुलभ इंटरनेशल के इंचार्ज धनंजय पाठक ने अवगत कराया है कि सुलभ इंटरनेशनल के पर्यावरण मित्रों द्वारा सीतापुर पार्किंग से लेकर केदारनाथ धाम तक यात्रा मार्ग की निरंतर साफ-सफाई की जा रही है। इसके साथ ही केदारनाथ धाम, सीतापुर, सोनप्रयाग एवं यात्रा मार्ग के विभिन्न पड़ावों में स्थापित सुलभ शौचालयों की निरंतर सफाई व्यवस्था की जा रही है। इसके साथ ही यात्रा मार्ग में घोड़े-खच्चरों के लिए बनाई गई चरहियों की भी साफ-सफाई व्यवस्था की जा रही है।

कार्यकारी अधिकारी जिला पंचायत सोहन सिंह कठैत ने अवगत कराया है कि जिला पंचायत के पर्यावरण मित्रों द्वारा जिला पंचायत के विभिन्न क्षेत्रों में निरंतर साफ-सफाई व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने अवगत कराया कि आज पर्यावरण मित्रों द्वारा आज यात्रा मार्ग के कुंड से लेकर गुप्तकाशी के मध्य विशेष सफाई अभियान चलाया गया। उन्होंने कहा कि अब तक गंदगी करने वाले 11 लोगों का चालान करते हुए 33 हजार रुपए का अर्थदंड वसूला गया है।

अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सुशील कुमार कुरील ने अवगत कराया है नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत पर्यावरण मित्रों द्वारा निरंतर साफ-सफाई की जा रही है। स्वच्छता का ख्याल न रखने एवं गंदगी फैलाने पर 8 व्यक्तियों का चालान करते हुए 6 हजार पांच सौ रुपए का अर्थदंड वसूला गया है। अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत तिलवाड़ा वासुदेव डंगवाल ने अवगत कराया गया है कि पर्यावरण मित्रों द्वारा तिलवाड़ा क्षेत्रांतर्गत निरंतर साफ-सफाई की जा रही है।

उन्होंने बताया कि गंदगी करने वाले 7 व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 2 हजार रुपए का अर्थदंड वसूला गया। अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत अगस्त्यमुनि कैलाश पटवाल ने अवगत कराया गया है कि उनके पर्यावरण मित्रों द्वारा नियमित साफ-सफाई व्यवस्था कराई जा रही है तथा गंदगी करने वाले 4 व्यक्तियों का चालान करते हुए 2 हजार दो सौ रुपए का अर्थदंड वसूला गया है

## उत्तराखंड : इन पांच जिलों में बारिश की संभावना, मैदानों में गर्मी से राहत नहीं

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**


देहरादून 01 जून : मौसम विभाग के अनुसार मैदानी क्षेत्रों में मौसम शुष्क बना रहेगा, अभी राहत की कोई उम्मीद नहीं हैं, वहीं पहाड़ों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की सम्भावना है। एक नया पश्चिमी विक्षोभ हिमालयी क्षेत्र में पहुंचने के कारण पर्वतीय इलाकों में मध्यम वर्षा हो सकती है।


नौतपा के चलते आमजन का जीना मुहाल हो गया है। इस चिलचिलाती गर्मी ने कई वर्षों के रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। बंगाल में बने साइक्लोन के कारण बदलते विंड पैटर्न की वजह से हरियाणा और पंजाब से आने वाली अत्यधिक गर्म हवाएं उत्तराखंड को झुलसा रही हैं।

विशेषज्ञों का मानना है कि अप्रैल और मई में मैदानों में बारिश न होने के कारण भी तापमान बढ़ रहा है। मौसम विभाग के निदेशक डॉ. बिक्रम सिंह के अनुसार, बंगाल में चक्रवात बनने के कारण पिछले चार-पांच दिनों से उत्तराखंड में पश्चिमी हवाएं चल रही हैं। चक्रवात अपनी ओर हवाओं को खींचता है, जिससे विंड पैटर्न में बदलाव आता है। इस कारण भी तापमान में इजाफा हुआ है।

बीते दिन पर्वतीय क्षेत्रों में कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा हुई है, विशेषकर चारधाम और आसपास के क्षेत्रों में बौछारें पड़ीं। हालांकि प्रदेश में अभी भी गर्मी से राहत नहीं मिली है। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह के अनुसार, प्रदेश के मैदानी इलाकों में मौसम शुष्क रह सकता है। तापमान सामान्य से पाँच से सात डिग्री सेल्सियस अधिक रहने की संभावना है। वहीं रुद्रप्रयाग, पिथौरागढ़, बागेश्वर, अल्मोड़ा और चंपावत में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। शनिवार को एक नए पश्चिमी विक्षोभ के हिमालयी क्षेत्र में आने से पर्वतीय इलाकों में मध्यम बारिश हो सकती है, जिससे तापमान में गिरावट की उम्मीद है। जून के प्रथम सप्ताह के बाद गर्म हवाओं से राहत मिलने के आसार हैं।

देहरादून का अधिकतम तापमान 42.8 डिग्री और न्यूनतम तापमान 29.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जबकि पंतनगर का अधिकतम तापमान 42.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 29.4 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं मुक्तेश्वर का अधिकतम तापमान 29.0 डिग्री और न्यूनतम तापमान 18.1 डिग्री सेल्सियस था। नई टिहरी का अधिकतम तापमान 32.0 डिग्री और न्यूनतम तापमान 19.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।





## उत्तरकाशी : गंगोत्री हाईवे पर चट्टान गिरने से एक की मौत आठ लोग गंभीर रूप से घायल





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

उत्तरकाशी 01 जून : गंगोत्री हाईवे के पास डबरानी में अचानक चट्टान टूट गया, जिसके नीचे कई लोगों के दबे होने की सूचना प्राप्त हुई है। सूचना पर पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और घायलों का रेस्क्यू किया गया।उत्तरकाशी जिले से एक बेहद दुखद खबर आ रही है। यहाँ पर गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर डबरानी के पास बीती दोपहर के समय वाहनों के ऊपर चट्टान गिर गई। जिसमें कुछ लोग मलबे में दब गए सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचर रेस्क्यू किया। वर्तमान स्थिति को ध्यान में रखते हुए गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर दोनों तरफ से यातायात को सुरक्षित स्थानों पर रोक दिया गया है। गंगोत्री और हर्षिल के बीच लगभग 500 वाहन रुके हुए हैं। फिलहाल, हाईवे से बोल्डर हटाने का कार्य चल रहा है।पुलिस टीम ने अभी तक एक मृतक और आठ घायलों का रेस्क्यू कर लिया है, घायलों को 108 एम्बुलेंस सेवा के जरिए उपचार के लिए हर्षिल भेजा गया है, ये सभी लोग देहरादून के बताए जा रहे हैं। सभी को गुम चोटें आई हैं और कोई भी अभी बातचीत की स्थिति में नहीं है। इस हादसे में एक निजी बोलेरो वाहन, एक बाइक, एक मारुति 800 वाहन, एक BRO ट्रक, एक जेसीबी मशीन और एक पानी का टैंकर क्षतिग्रस्त हुआ है। जंगल में लगी आग को इस हादसे का कारण बताया जा रहा है, वहां पर अब भी रुक-रुक कर बोल्डर व पत्थर आ रहे हैं। मार्ग पूरी तरह सुरक्षित होने के बाद ही वाहनों की आवाजाही फिर शुरू की जाएगी।

# लड़के की हैं 3 गर्लफ्रेंड, एक ही छत के नीचे रहते हैं चारों

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 01 जून : प्रेम संबंध में बंधा कोई भी व्यक्ति ये नहीं देख सकता कि उसका पार्टनर, उससे ज्यादा किसी और को अहमियत दे, या फिर किसी और को प्यार करें. शायद यही कारण है कि एक कपल में से कोई भी व्यक्ति, अपने साथी को दूसरे के साथ शारीरिक या मानसिक तौर पर नहीं बांट सकता. पर एक विदेशी ग्रुप ऐसा है, जो इन बातों में यकीन नहीं करता, शायद उनका मानना है कि प्यार बांटने से बढ़ता है. हम यहां 'ग्रुप' शब्द का इस्तेमाल इसलिए कर रहे हैं, क्योंकि ये कपल नहीं है, बल्कि एक रिश्ते में बंधे 4 (1 boyfriend 3 girlfriends) लोग हैं, जो एक दूसरे से बेहद प्यार करते हैं.

1 लड़के की 3 गर्लफ्रेंड है, चारों एक साथ रहते हैं और उनकी मुलाकात ऑनलाइन गेम खेलते हुए हुई थी. हाल ही में वो एक टीवी शो पर आए और अपनी लाइफ के बारे में बताया. मीडिया रिपोर्ट के अनुसार जब ये ग्रुप यूट्यूब के शो, 'लव डोंट जज' पर आया और अपने बारे में बताया, तो लोग काफी हैरान हुए. रेमंड नाम के एक शख्स की 3 गर्लफ्रेंड हैं, टिफनी, जिज़ेल और हैमी चारों की मुलाकात एक साथ ऑनलाइन गेम खेलते हुए हुई थी।

गेम खेलते-खेलते वो आपस में बातें किया करते थे. कई बार बातें रोमांटिक होने लगती थीं. तब टिफनी को ये खयाल आया कि उन्हें इस ऑनलाइन दोस्ती के रिश्ते को एक कदम और आगे ले जाना चाहिए.

उन्होंने जब बाकी तीनों लोगों के सामने ये प्रस्ताव रखा, तो उन्होंने भी इसे मान लिया. टिफनी ने शो पर कहा कि उन चारों के बीच की केमिस्ट्री ऐसी थी,



कि उन्हें लगता था जैसे वो हमेशा से एक दूसरे की जिंदगी में आने के लिए बने थे.

इंटरव्यू के दौरान हैमी ने कहा कि लोग अक्सर सोचते हैं कि पॉलीएमरस रिश्तों में औरतें दबी रहती हैं, उनकी भावनाओं की कद्र नहीं होती, मगर उनके रिश्ते में ऐसा बिल्कुल भी नहीं है.

वहीं रेमंड ने कहा कि इस तरह के रिश्ते में जलन जल्द ही घर कर सकती है. वो छोटी-छोटी बात पर हो सकती है. अगर एक पार्टनर को छोड़कर बाकी किसी काम को कर रहे हैं, तो उस एक को जलन महसूस हो सकती है, हर बार ये जलन रोमांस से जुड़ी नहीं होती. रेमंड ने कहा कि बाहरी लोग अक्सर उन चारों को सोशल मीडिया पर बुरा भला कहते हैं. उनका कहना है कि रेमंड ने तीनों लड़कियों का ब्रेनवॉश किया और उन्हें बरगलाया है. आपत्तिजनक कमेंट्स पढ़कर उन्हें बुरा तो लगता है, पर टिफनी का कहना है कि वो उन चीजों से ऊपर हैं. वो अक्सर उनके अकाउंट से ऐसे लोगों को ब्लॉक करती रहती हैं.

# लाखों खर्च कर इंसान से बना कुत्ता अब भालू-लोमड़ी बनने की ख्वाहिश

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 01 जून : जापान का एक शख्स, जो पिछले साल इंसान से कुत्ता बनने के लिए लगभग 12 लाख रुपये खर्च करने के कारण चर्चा में था, अब उसने नई ख्वाहिश जाहिर की है. उसने कहा, अब लोमड़ी, भालू या अन्य जानवरों की तरह बनना चाहता है. इस पर वह दौलत लुटाने के लिए भी तैयार है. इस शख्स ने अपना असली नाम नहीं बताया है. लेकिन लोग उसे टोके के नाम से जानते हैं. वह अपने यूट्यूब चैनल पर अक्सर पोस्ट शेयर करता है, जो काफी मजेदार होते हैं. उसके पोस्ट को खूब पसंद किया जाता है.



टोको ने 2023 में इंसान से कुत्ते जैसा दिखने संकल्प लिया. इसके बाद ज़ेपेट नाम की एक ड्रेस कंपनी ने उसके लिए कुत्ते की ड्रेस डिजाइन की. इसे बनाने में उसे 40 दिन लगे. जब इस ड्रेस को वह पहनकर बाहर आया, तो हूबहू कुत्ता नजर आया. उसे देखकर पहचान पाना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन था. अपने इस नए अवतार का नाम उसने बॉर्डर काली रखा, जो खूब फेमस हुआ. अब टोको ने वानक्यूल नाम के एक जापानी पोर्टल से बातचीत की है और अपना अनुभव शेयर किया. उसने कहा, खुद के अलावा किसी और की तरह बनना वास्तव में सुखद अनुभव है. मैं किसी और रूप में भी जाने के लिए उत्साहित और खुश हूं.

टोको ने बताया कि कई तरह की चुनौतियां थीं. कुत्तों और इंसानों की कंकाल संरचनाएं अलग-अलग होती हैं. जिस तरह से हम अपने पैरों और बाहों को मोड़ते हैं, कुत्ते वैसा बिल्कुल नहीं करते. कुत्ते की तरह चलना बहुत मुश्किल होता है. इसकी सफाई भी बेहद चुनौतीपूर्ण है. यह कुछ ही घंटे में गंदा हो जाता है. और जब भी मैं बाहर जाता हूं, तो जाहिर तौर पर गंदगी तो मिलती ही है. वर्तमान में उन गतिविधियों पर शोध कर रहा हूं जो कुत्ते की तरह दिखती हैं.

टोको ने खुलासा किया कि वह अब पांडा या लोमड़ी जैसे अन्य चार पैर वाले जानवर बनना चाहेंगे. मैं एक और कुत्ता, पांडा या भालू बन सकता हूं. एक लोमड़ी या बिल्ली अच्छी होगी, लेकिन वे इंसान के लिए बहुत छोटी हैं... मुझे उम्मीद है कि मैं किसी दिन दूसरा जानवर बनने का अपना सपना सच कर पाऊंगा. इसके लिए जो भी खर्च होगा, करने के लिए तैयार हूं. टोको के यूट्यूब चैनल पर लगभग 65,000 सब्सक्राइबर हैं, जो उसे कुत्ते की तरह चलते, उसकी तरह मस्ती करते हुए देखकर खुश हो जाते हैं. टोको ने बताया कि कई लोग तो खुद भी जानवर की तरह बनने की ख्वाहिश जताते हैं।

# पॉकेट मनी की जगह बच्चों को सैलरी देता है ये करोड़पति, लोग करने लगे तारीफ

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 01 जून : बच्चों के भविष्य की चिंता हर माता-पिता को लगी रहती है. चाहे वो अमीर हो या न हो. जैसे-जैसे बच्चे बड़े होने लगते हैं, उन्हें संस्कार के साथ पैसों की अहमियत समझाई जाती है. पैसे कैसे बचाने हैं, इसके बारे में बताया जाता है. क्योंकि यही उनके भविष्य की नींव तय करते हैं.

बच्चों को कम उम्र में पैसे का सही से इस्तेमाल सिखाने से उनके पूरी जीवन पर फर्क पड़ता है. यही सोचकर अमेरिका के एक करोड़पति ने अपने बच्चों को पॉकेट मनी की जगह सैलरी देना शुरू कर दिया है. वे बच्चों को तब पैसे देते हैं, जब वे कोई काम करके आते हैं. कहा-इससे बच्चों में पैसा कमाने की आदत बनेगी. उन्हें पैसों की अहमियत पता चलेगा. पता चलेगा कि पैसा यूं ही नहीं मिलता. उसके लिए कितनी मेहनत करनी होती है।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार दिग्गज कंपनी लेक के सीईओ डेविड सिकारेली ने बताया कि वे अपने बच्चों को पैसे की अहमियत कैसे बताते हैं.



डेविड सिर्फ 30 साल की उम्र में करोड़पति बन गए थे. उनके चार चार बच्चे हैं, जिनकी उम्र 12 से 20 साल है. डेविड ने कहा, मैंने शुरू में ही तय कर लिया था कि बच्चों को लग्जरी लाइफस्टाइल नहीं जीने दूंगा. उन्हें खुद पैसे कमाने के लिए मजबूर करूंगा. ताकि उन्हें इन पैसों की अहमियत पता चले. बिजनेस इनसाइडर से बात करते हुए डेविड ने स्वीकार किया कि उन्होंने अपनी मेहनत की कमाई कभी बच्चों को नहीं सौंपी. उन्होंने हमेशा सुनिश्चित किया कि चारों बच्चों को पॉकेट मनी न दी जाए, बल्कि सैलरी दी जाए. वो भी तब, जब वो कुछ काम करके आएं।

लेक के सीईओ ने कहा, मुझे बच्चों को पॉकेट मनी देने से नफरत है. मैं चाहता हूं कि वे परिवार के लिए कुछ काम करना सीखें. हम उनकी जरूरतें, जैसे भोजन या कपड़े का खर्च खुशी-खुशी उठाने के लिए तैयार हैं. लेकिन एक जोड़ी फैशनेबल जूते भी नहीं दे सकता. मैं हर महीने सैलरी के रूप में पैसे देता हूं. हर बच्चे की उम्र और घर के आसपास जो काम करते हैं, उनके हिसाब से नकद देने की कोशशि करता हूं. वह भी हर हफ्ते सिर्फ एक डॉलर यानी लगभग 85 रुपये. मैं अक्सर बच्चों को बताता हूं कि अगर हमारे पास ये एक डॉलर न रहे, तो हम क्या-क्या नहीं कर पाएंगे. डेविड की पत्नी पत्नी स्टेफनी ने कहा, हमारा यह आइडिया बच्चों को एक अच्छा इंसान बनाने में मददगार साबित हो रहा है।

डेविड ने बच्चों का बैंक खाता खुलवा रखा है. उसमें वे अपने कमाए हुए पैसे रखते हैं. अपने डेबिट कार्ड से खर्च करते हैं. उन्हें अतिरिक्त कुछ नहीं मिलता. नतीजा ये है कि चारों बच्चों ने इन्वेस्ट करना और पैसे कमाना भी सीख लिया है. सबने टेस्ला और डिज्नी जैसी कंपनियों में निवेश किया है. डेविडि ने कहा, जब भी वे कुछ कमाते हैं, तो मैं उन्हें पुरस्कृत करता हूं. अगर बच्चे कभी ज्यादा पैसे मांगते हैं, तो डेविड उन्हें पहले कुछ काम करने के लिए कहते हैं. अगर मन लगाकर काम करेंगे, तभी उन्हें पैसा मिलेगा. एक बार बेटी ने देखा कि दरवाजे चरमरा रहे थे. उसने पूछा कि अगर मैं उन्हें ठीक कर दूं तो क्या पैसा मिलेगा, तब डेविड ने कहा, सिर्फ एक डॉलर. डेविड के बच्चों को पालने का यही तरीका है, जिसे खूब पसंद किया जा रहा है. लोग उनकी तारीफ भी कर रहे हैं.

# दून मेडिकल कॉलेज का संदेश, तंबाकू से बच्चों को बचाना है उद्देश्य






न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून,1,जून विश्व तंबाकू निषेध दिवस के मौके पर राजकीय दून मेडिकल कॉलेज देहरादून में प्राचार्य डॉक्टर आशुतोष सयाना के निर्देशन में डॉक्टर अनुपम आर्य प्रभारी विभाग अध्यक्ष कम्युनिटी मेडिसिन विभाग एवं नोडल अधिकारी डॉ मधुलिका सिसोदिया के नेतृत्व में ‟प्रोटेक्टिंग चाइल्ड फ्रॉम टोबैको इंडस्ट्री इंटरफेरेंस‟ स्लोगन से तंबाकू निषेध दिवस मनाया गया।

इस मौके पर दून मेडिकल कॉलेज देहरादून में प्रोफेसर आशुतोष सायना की अध्यक्षता में विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर एक संगोष्ठी का आयोजन भी किया गया जिसमें एमबीबीएस बैच 2022 के छात्र-छात्राओं के साथ विभिन्न विभागों के सदस्य, मेडिकल वर्कर्स, पोस्ट ग्रेजुएट रेजिडेंट्स और इंटर्नस ने भाग लिया।

डॉक्टर सायना ने इस मौके पर कहा कि तंबाकू का सेवन जानलेवा हो सकता है यह बात तो अधिकांश लोग जानते हैं बावजूद इसके दुनिया भर में बड़ी संख्या में लोग किसी न किसी रूप में तंबाकू और इससे बने उत्पादों का उपयोग बेधड़क कर रहे हैं उन्होंने कहा कि इतना ही नहीं आज के समय में कम उम्र के युवा भी बीड़ी सिगरेट गुटका आज के सेवन में लिप्त है उन्होंने कहा कि तंबाकू का सेवन करने से रोकने और इससे होने वाले नुकसान के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से ही प्रत्येक साल 31 में को विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया जाता है उन्होंने यहां पर पढ़ने वाले छात्रों से अपील की की भविष्य में एक चिकित्सक के रूप में मरीज से तंबाकू युक्त पदार्थ के सेवन के विषय में आवश्यक जानकारी ले क्योंकि प्रत्यय किया परोक्ष रूप में अधिकतर बीमारियों का कारण धूम्रपान और तंबाकू युक्त पदार्थ का सेवन होता है।

इस अवसर पर चिकित्सा अध्यक्ष एवं चेस्ट रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अनुराग अग्रवाल ने कहा कि तंबाकू की थोड़ी मात्रा के सेवन से भी फेफड़े गुड़ा मुंह गार्डन पेट मूत्र से पेनक्रियाज या अन्य जगह शरीर में कैंसर का खतरा कई गुना बढ़ जाता है उन्होंने कहा कि सिगरेट के धुएं में 7000 से अधिक घातक रसायन पाए जाते हैं जो शरीर में कई बीमारियों का कारण बनते हैं। डॉ अनुराग ने कहा कि तंबाकू युक्त पदार्थ के सेवन से पर्यावरण पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है उन्होंने कहा कि इसका जीता जागता उदाहरण मौजूदा वक्त में उत्तराखंड के जंगलों में लगने वाली आज है जिसके पीछे धूम्रपान एक बड़ा कारण हो सकता है। मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष डॉ अनुपम राना कहा कि हर साल 6 मिलियन मौतें तंबाकू की वजह से होती हैं उन्होंने कहा कि तंबाकू सेहत के लिए किसी जहर से काम नहीं है यह आदमी को न केवल अंदर से खोखला करती है




बल्कि सीधे मौत के मुंह में धकेलती है। डॉक्टर दौलत सिंह विभाग अध्यक्ष रेडियो थैरेपी ने कहा कि धूम्रपान और तंबाकू के सेवन करने से महिलाओं में बांझपन की समस्या उत्पन्न हो सकती है और पैदा हुए बच्चों का मानसिक विकास भी प्रभावित होता है। इस मौके पर मेडिकल कॉलेज में पढ़ने वाले पोस्ट ग्रेजुएट छात्रों ने तंबाकू और उसके उत्पादों के सेवन के दुष्प्रभावों को बताने के लिए कई बिंदुओं पर चर्चा करते हुए संवाद स्थापित किया।

तंबाकू निषेध दिवस के इस मौके पर ग्रामीण स्वास्थ्य प्रशिक्षण केंद्र नयागांव पेलियों एवं शहरी स्वास्थ्य प्रशिक्षण केंद्र मेहूवाला में संवाद और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से विस्तृत रूप से जानकारी दी गई जहां पर असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर सुनील ,डॉक्टर सुदीक्षा ,डॉक्टर सुमित, डॉक्टर शालिनी सहित मेडिकल सोशल वर्कर्स और तमाम लोग के साथ ही आशा आंगनबाड़ी एवं अन्य समुदाय के लोग भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में डॉक्टर प्रियंका डोभाल डॉक्टर रिचा सिन्हा ,डॉ शिवकुमार यादव, डॉक्टर दीनदयाल, डॉक्टर सुनीता, डॉक्टर रेनू, डॉक्टर मनोजीत ,डॉक्टर भारती, डॉक्टर अंकित, डॉक्टर मोहित के साथ ही मेडिकल वर्क्स महादेव गौड़, राजेश उनियाल, रमेश ध्यानी अखिलेश असवाल, उमा गोसाई, निधि काला सहित तमाम लोग भी उपस्थित रहे।

## उत्तराखंड : नौकरी के लिए गया युवक म्यांमार में फंसा

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 01 जून : माँ ने पुलिस को पत्र लिखकर बताया कि उनका बेटा विधान गौतम 21 मई को काम के सिलसिले में एक कम्पनी के जरिए थाईलैंड गया उसके साथ उत्तराखंड के अन्य सात लड़के भी गए लेकिन अचानक उसका एक ऑडियो क्लिप आया जिसमें उसने बताया कि वह म्यांमार में बंधक बनाया गया है।

विदेशों में नौकरी करके मोटा पैसा कमाने के फ्रॉड में आजकल कई युवा फंस रहे हैं। ऐसा ही एक मामला प्रतीत नगर, रायवाला से आया है। यहाँ पर युवक विधान गौतम की माँ ने पुलिस को सूचना दी है कि उनके बेटे का एक ऑडियो क्लिप आया है जिसमें उसने बताया कि उसे म्यांमार में बंधक बनाकर रखा गया है और वह ये ऑडियो उनसे छुपते-छुपाते भेजा है। विधान गौतम को एक कम्पनी से थाईलैंड में नौकरी करने का ऑफर आया था और वह 21 मई को उत्तराखंड के सात अन्य युवकों के साथ




म्यांमार के लिए निकल गए।लेकिन जब अचानक उसका यह ऑडियो क्लिप आया तो परिजनों के हाथ पैर फूल गए और उन्होंने पुलिस प्रशासन को पत्र लिखकर मदद की गुहार लगाई है। ऑडियो में विधान ने कहा है कि इस ऑडियो को भारतीय दूतावास तक पहुंचा देना ताकि उनकी मदद हो सके और उसने बताया कि यहाँ पर भारत के 50 युवकों को बंधक बनाकर रखा गया है। परिजनों ने इस मामले में पुलिस और प्रधानमंत्री कार्यालय और गृह मंत्रालय को भी ऑनलाइन जानकारी दे दी है।

## हल्द्वानी : हॉस्टल के बाथरूम में नर्स की संदिग्ध हालात में मौत, 16 जून को होनी थी शादी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क


हल्द्वानी 01 मई : झूलाघाट स्थित गौना बडालू क्षेत्र की 23 वर्षीय नर्स नीलम चंद पुत्री लक्ष्मण चंद बीती रात अस्पताल हॉस्टल के बाथरूम में बेहोश पड़ी मिली। वह एक निजी अस्पताल में नर्स का कार्य करती थी। उसी हॉस्पिटल के रिसेप्शन में कार्य करने वाले युवक से उसकी शादी होने वाली थी।

मिली जानकारी के अनुसार नीलम डेढ़ महीना पहले ही मुहानी, हल्द्वानी में एक प्राइवेट हॉस्पिटल में नर्स के पद पर नियुक्त हुई थी। बीते दिन वह ड्यूटी ख़त्म करके हॉस्टल पहुंची। उसके कुछ देर बाद ही उसकी साथी आशा भी ड्यूटी करके पहुंची तो उसने देखा की नीलम बाथरूम में बेसुध अवस्था में पड़ी है। आशा ने तुरंत इसकी सूचना उसके मंगेतर पारस को दी। फिर दोनों मिलकर नीलम को एसटीएच ले गए लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।पुलिस को मिली जानकारी में बताया गया कि युवती के हाथ में ड्रिप चढ़ाने वाली कैथ लगी थी। पोस्टमार्टम करके के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। युवती के



पिता लक्ष्मण चंद भारतीय सेना में हैं और युवती का एक छोटा भाई भी है। घर वालों ने नीलम की शादी हॉस्पिटल में रिशेप्शन पर कार्यरत पारस से तय की थी जो कि 16 जून को होनी थी। मौत के कारणों का पोस्टमार्टम से स्पष्ट नहीं हो पाया है और ना ही कोई आरोप-प्रत्यारोप परिजनों द्वारा लगाए गए हैं।

# उत्तराखंड : श्रद्धा-अभिषेक की तुंगनाथ मंदिर में अद्भुत प्रस्तुति
## India Book of World Records में दर्ज किया नाम




न्यूज़ वायरस नेटवर्क

रुद्रप्रयाग 01 जून : देहरादून की अंतरराष्ट्रीय भरतनाट्यम नृत्यांगना श्रद्धा और अंतरराष्ट्रीय कैलीग्राफी आर्टिस्ट अभिषेक ने मिलकर एक घंटे 27 मिनट तक लगातार नृत्य और कैलीग्राफी की प्रस्तुति देकर अपना नाम इंडिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया है। दोनों न केवल बचपन के दोस्त हैं, बल्कि भगवान शिव के भक्त भी हैं। महान उपलब्धियों को हासिल करने के लिए प्रबल इच्छाशक्ति ही मनुष्य को अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करने का साहस देती है। कुछ ऐसी ही उपलब्धि प्रदेश के दो युवा कलाकारों ने अपने नाम की है।

देहरादून की श्रद्धा बछेती और अभिषेक यादव ने दुनिया के सबसे ऊँचे शिवा टेम्पल में एक साथ मिलकर एक घंटे 27 मिनट तक लगातार नृत्य और कैलीग्राफी करके India Book of World Records में अपना नाम दर्ज किया है। दोनों ने अपनी कला के माध्यम से अपने आराध्य को प्राप्त करने का प्रयास किया। उनकी प्रदर्शन ने लोगों के बीच एक गहरा प्रभाव डाला है। अंतरराष्ट्रीय भरतनाट्यम नृत्यांगना श्रद्धा ने बताया कि एक वर्ष पहले ही उनके पैर का ऑपरेशन हुआ है और चिकित्सकों ने उन्हें रेस्ट करने की सलाह दी थी। इसके बावजूद उन्होंने 6 महीने पहले से ही इस रिकॉर्ड के लिए तैयारी शुरू कर दी।

वहीं अंतरराष्ट्रीय कैलीग्राफी आर्टिस्ट अभिषेक ने बताया कि तुंगनाथ का मौसम हमारे सामने चुनौती बनकर खड़ा था। एक तरफ जहाँ श्रद्धा अपनी प्रस्तुति दे रही थी तो दूसरी तरफ अभिषेक ने कैलीग्राफी कर 108 बार ओम् नमः शिवाय लिखा है। मंदिर में संगीत बजाना प्रतिबंधित है इसलिए मंदिर में आए उनकी प्रस्तुति देखने और भक्तजनों ने ओम् नमः शिवाय और हर-हर महादेव के जयकारों के साथ ढोल-दमाऊ की थाप में उन्होंने अपनी प्रस्तुति दी। अब उनका अगला लक्ष्य पंच केदार में नया रिकॉर्ड बनाना है।

# उत्तराखंड : सेना में भर्ती होने के लिए सैनिक कल्याण विभाग देगा फ्री में ट्रेनिंग, ये होंगी शर्तें

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 01 जून : जिला सैनिक कल्याण विभाग भूतपूर्व सैनिकों और सैनिक विधवाओं के पुत्रों को सेना, नौसेना, वायु सेना, पुलिस और अर्धसैनिक बल में भर्ती के लिए फ्री में 56 दी की ट्रेनिंग देने जा रही है, इसके लिए चयन प्रक्रिया 10 जून से शुरू होगी। प्रदेश के युवा सेना में जाने के लिए हमेशा ही तत्पर रहते हैं। वे कठिन परिश्रम और दृढ़ संकल्प के साथ देश की सेवा के लिए तैयार होते हैं।

इन युवाओं की दृढ़ता और साहस के कारण ही सेना में उनकी एक विशेष पहचान है। कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद, उनका समर्पण और जुनून कभी कम नहीं होता। इसे देखते हुए प्रदेश के युवाओं के लिए जिला सैनिक कल्याण विभाग 56 दिनों का निशुल्क प्रशिक्षण देने जा रहा है। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी विरेंद्र प्रसाद भट्ट ने बताया कि गढ़वाल और कुमाऊं मंडल में भर्ती पूर्व प्रशिक्षण 17 जून से प्रारंभ हो रहा है प्रशिक्षण का आयोजन राज्य सैनिक विश्राम गृह देहरादून में होगा। इसके लिए देहरादून जिले के प्रशिक्षणार्थियों का चयन 10 से 15 जून के बीच जिला सैनिक कल्याण और पुनर्वास कार्यालय, देहरादून में किया जाएगा। अन्य जिलों में चयन प्रक्रिया संबंधित जिलों में जिला सैनिक कल्याण अधिकारी करेंगे और 16 जून तक चयनित प्रशिक्षणार्थियों को राज्य सैनिक विश्राम गृह देहरादून भेजेंगे।निशुल्क प्रशिक्षण लेने के लिए कुछ शर्तें रखी गई हैं जैसे अभ्यर्थी की आयु सीमा 17 से 21 वर्ष होनी चाहिए, शैक्षिक योग्यता 45 प्रतिशत अंकों के साथ मैट्रिक पास और भारतीय मूल के गोरखा के लिए केवल 10वीं पास रखी गई है। अभ्यर्थी का वजन न्यूनतम 46 किलो और सीना 77 से 82 सेमी. होना चाहिए। साथ ही अभ्यर्थी को मेडिकल सर्टिफिकेट, पिता की डिस्चार्ज बुक, रिकॉर्ड ऑफिस का पार्ट-2 ऑर्डर एवं इंडेम्निटी बॉन्ड साथ में लाना होगा।



# अजीबो गरीब ट्रैफिक रूल्स, बिना सनग्लास के ड्राइविंग पर भी लगता है जुर्माना



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 01 जून : दुनिया के हर देश में ट्रैफिक रूल्स बने हुए है, हालांकि ये नियम अलग-अलग हो सकते हैं। इन्हें लोगों को सुरक्षित रखने के लिए बनाया गया है, लेकिन कई ऐसे भी देश हैं जहां अजीबो-गरीब ट्रैफिक नियम बने हुए हैं। इन रूल्स के बारे में जानकर आपको हैरानी होगी। ऐसे ही कुछ ट्रैफिक नियमों के बारे में आज हम आपको बता रहे हैं।रूस में कार ड्राइविंग को लेकर एक बेहद ही अलग रूल है। अगर आप यहां बेढंगे तरीके से कार ड्राइव करते हुए पाए गए या फिर कार गंदी हुई तो आपको जुर्माना भरना होगा। रूस में बतौर ड्राइवर यह आपकी जिम्मेदारी है कि आपकी कार साफ हो। गंदी कार की ड्राइविंग पर यहां सरकार ने रोक लगा रखी है। कार ड्राइविंग को लेकर सऊदी अरब में भी अजीब कानून है। यहां महिलाएं कार ड्राइव नहीं कर सकती हैं। स्पेन की बात करें तो यह कार चलाते वक्त आपके पास सनग्लासेस होना जरूरी है। सरकार ने यह नियम इसलिए बना रखा है ताकि धूप के कारण सड़क दुर्घटना न हो। अमेरिका के अर्कांसस में रात 9 बजे के बाद रेस्टोरेंट के बाहर हॉर्न बजाना मना है।

# अजब-गजब : अपनी पूरी जिंदगी में सिर्फ 1 दिन नहाती हैं यहां की लड़कियां

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 01 जून : भारत ही नहीं दुनिया में कई ऐसे देश हैं जहां के अनोखे रिवाज चर्चा की विषय बने रहते हैं. कइयों पर तो भरोसा करना भी मुश्किल होता है. ऐसे ही कई परंपरा निभाई जाती है अफ्रीका की हिम्बा जनजातियों के बीच. जहां, लोग मेहमानों के साथ बीवी को सुलाते है और यहां लड़कियां सिर्फ एक ही दिन नहाती हैं वो भी अपनी शादी के रोज. आइये जानते हैं क्या है इसका कारण और क्या है हिंबा जनजाति अन्य परंपराए ,हिंबा जनजाति की लड़कियों के केवल एक ही दिन नहाने की परंपरा है वो भी शादी के दिन. ऐसा वहां पानी की कमी के कारण किया जाता है. हालांकि, सारी उमर न नहाने के बाद भी उनकी महिलाओं के शरीर से बदबू नहीं आती. इसके लिए वो एक खास किस्म का पेस्ट का उपयोग करती हैं जो तेल में एक खनिज की धूल मिलाकर तैयार किया जाता है.यहां महिलाएं जिस लेप का उपयोग करती हैं वो सिर्फ गंध मिटना के लिए ही नहीं बल्की कई और काम आता है. ये खास लेप इन महिलाओं को धूप से बचाने के साथ ही कीट पतंगों से त्वचा की रक्षा करता है. इससे महिलाओं के चेहरे पर निखार आता है जिससे इनका रंग हल्का दिखाई देता है. हिंबा जनजाति महिलाएं जड़ी बूटियों का धुआं अपने शरीर में लगाती हैं. यहां के लोग मेहमानों की आवभगत के लिए अपनी बीवी के साथ सुलाने की छूट देते हैं. इस दौरान घर का पुरुष या तो दूसरे कमरे में सोता है या फिर घर के बाहर. हिंबा जनजाति में पुरुषों और महिलाओं को अन्य लोगों के साथ एक से अधिक संबंध बनाने की आजादी है.



# उत्तराखंड : 15 जून को कैंची धाम में भव्य मेला, बाबा नीम करौली आश्रम के लिए शुरू होगी शटल सेवा

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

नैनीताल 01 जून : साल की तरह 15 जून को कैंची धाम में विशाल मेले का आयोजन होने वाला है। जिसके लिए प्रशासन पूरी तरह से तैयारियों में जुटा हुआ है।नैनीताल जनपद के भवाली में स्थित विश्व प्रसिद्ध कैंची धाम लोगों की आस्था का केंद्र है, जहां हर साल भारत के विख्यात लोगों के साथ-साथ विदेशों से भी बड़ी-बड़ी हस्तियां नीम करोली बाबा का आशीर्वाद लेने पहुँचते हैं। हर साल 15 जून को कैंची धाम की स्थापना दिवस के दिन यहाँ भव्य मेले का आयोजन होता है।

इस साल यहाँ मेले में लाखों श्रद्धालुओं के पहुँचने की उम्मीद है जिससे प्रशासन ने इसकी तैयारियां अभी से शुरू कर दी है। इसके लिए कई बार जिला प्रशासन और परिवहन विभाग के बीच बैठकें हो चुकी हैं।हल्द्वानी के आरटीओ नंदकिशोर ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर पहली बार मेले के अवसर पर हल्द्वानी से कैंची धाम तक सीधी शटल सेवा शुरू की गई है। शटल सेवा के तहत बसों का संचालन हल्द्वानी के रोडवेज स्टेशन, रेलवे स्टेशन और अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम से किया जाएगा। बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों को हल्द्वानी में रोककर उन्हें शटल सेवा के माध्यम से मंदिर दर्शन के लिए भेजा जाएगा। कुमाऊं मोटर्स ऑनर्स यूनियन के साथ-साथ अन्य निजी बसों को भी शटल सेवा में शामिल किया जाएगा। उन्होंने बताया कि भवाली से कैंची धाम मंदिर तक निजी वाहनों का आवागमन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। हालांकि, श्रद्धालु टैक्सी शटल सेवा और बस शटल सेवा का उपयोग करके मंदिर तक जा सकते हैं।





# उत्तरकाशी : पुरोला में चलती कार पर गिरा भारी भरकम पेड़, एक की मौत दूसरा घायल

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तरकाशी 01 मई : मोरी मोटर मार्ग पर डेरिका से एक किलोमीटर आगे आंधी-तूफान से एक बड़ा चीड़ का पेड़ चलती कार के ऊपर गिर गया जिसमें दो लोग सवार थे। एक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल है।

बीती दोपहर उत्तरकाशी जिले के पुरोला में मोरी और पुरोला के डेरका से एक किलोमीटर पहले मोरी की ओर आंधी-तूफान से अचानक दो चीड़ के पेड़ टूटकर सड़क के ऊपर गिर गए, इस दौरान एक कार इनके नीचे दब गई। कार में दो युवक मौजूद थे जिसमें आजाद पैन्यूली उम्र 26 पुत्र संजय पैन्यूली निवासी ग्राम डेरिका, पुरोला की मौके पर ही मौत हो गई जबकि



विकास जोशी उम्र 25 वर्ष पुत्र खुशीराम जोशी गंभीर रूप से घायल हो गया। जैसे ही पुलिस को घटना की सूचना मिली वे राजस्व विभाग की टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुरोला में भर्ती कराया, जहां उसका उपचार चल रहा है।




राज्य स्वास्थ्य महानिदेशालय में निदेशक डा0 सविता ह्यांकी आज अधिवर्षता आयु पूर्ण होने पर सेवानिवृत्त हो गई। इस मौके पर स्वास्थ्य महानिदेशालय परिवार द्वारा उनको स्नेहपूर्ण विदाई दी गयी। गौरतलब है कि डा0 ह्यांकी ने अपनी राजकीय सेवा धारचूला प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र से चिकित्सा अधिकारी के रूप में प्रारम्भ की तथा अपने कार्यकाल के दौरान वे मुख्य चिकित्साधिकारी, अल्मोड़ा एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, बेस चिकित्सालय, हल्द्वानी में महत्वपूर्ण पद पर अपने सेवायें विभाग को प्रदान की गयी। विदाई कार्यक्रम में स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# नए-नए रिश्तों में इन बातों का रखें ध्यान मजबूत होंगे रिश्ते, बढ़ेगा भरोसा

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 01 जून : नए रिश्ते में बात करने के लिए कई टॉपिक होते हैं. एक-दूसरे की पसंद-नापसंद, परिवार, दोस्त आदि के बारे में उत्सुकता रहती है और साथ ऐसी बातें शेयर करना अच्छा भी लगता है. लेकिन, समय गुजरने के साथ रिश्तों को मजबूत बनाने के लिए कुछ जरूरी बातों को समझना और उन्हें फॉलो करना भी आवश्यक होता है. अगर आप अपने रिश्ते को गंभीरता से ले रहे हैं और पार्टनर का साथ जीवनभर चाहते हैं तो आप कुछ बातों को ध्यान में रखकर अपने रिश्ते को मजबूत बना सकते हैं. यहां हम आपको बता रहे हैं कि आप ऐसा कैसे कर सकते हैं.

रोड टू ग्रो काउंसलिंग के मुताबिक, आप जितना साथ वक्त गुजारेंगे, एक-दूसरे को बेहतर तरीके से जान समझ सकेंगे, लेकिन इसके लिए, जरूरी नहीं कि आप हर वक्त साथ घूमते ही रहें. आप साथ में बोर्ड गेम खेल सकते हैं, मॉर्निंग या इवनिंग वॉक कर सकते हैं, साथ में एक जैसी किताब पढ़ सकते हैं और उस टॉपिक पर डिस्कस कर सकते हैं. यही नहीं, ईयर पॉड पर साथ गाना




सुनना, कुकिंग करना भी अच्छा साथ वक्त गुजारने का जरिया हो सकता है.

आप अपने पार्टनर की जरूरतों को अगर समय समय पर पूछते रहेंगे तो इससे आप उन्हें ना केवल बेहतर जान पाएंगे, बल्कि आपका पार्टनर आपके प्रति इमोशनली अटैच भी महसूस करेगा. यही नहीं, आप पार्टनर के बुरे वक्त में हेल्प के लिए पूछकर उनका दिल भी जीत सकते हैं. आपके रिश्ते के लिए बहुत जरूरी है कि आप अपने अंदर के डर, गुस्से और इमोशन को पार्टनर के साथ साझा करें. आप उन्हें यह भी बता सकते हैं कि आप रिश्ते में कब इंसिक्योर महसूस करते हैं. इसके लिए आप लेटर की मदद ले सकते हैं. अगर आप अधिक गुस्से में हैं तो बेहतर होगा कि आप खुद को कूल होने का वेट करें. बेहतर होगा कि आप किसी सीरिया मुद्दे पर बात करने के लिए पार्टनर से सही वक्त मांगे. बिना दूसरे को हार्ट किए आप अपने गुस्से को व्यक्त कर सकते हैं. आप सॉरी बोलते हुए अपने मन की बात को बता सकते हैं.

## चारधाम यात्रा में सीमित रजिस्ट्रेशन के विरोध में संयुक्त मोर्चे ने किया बुद्धि शुद्धि यज्ञ

हरिद्वार। टूर एंड ट्रेवल व्यवसायियों, व्यवसायिक वाहनों के मालिक और चालकों ने चारधाम यात्रा के लिए सीमित पंजीकरण के विरोध में शुक्रवार को कारोबार बंद रखा। इसके साथ ही सरकार की बुद्धि शुद्धि के लिए यज्ञ किया। टूर ऑपरेटर एसोसिएशन, टैक्सी-मैक्सी ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन, हरिद्वार टैक्सी ड्राइवर एंड ऑनर्स एसोसिएशन, हरिद्वार ट्रेवल एसोसिएशन, टैम्पो ट्रेवल यूनियन शुरू से ही चारधाम यात्रा में सरकार के सीमित रजिस्ट्रेशन के आदेश का विरोध कर रही हैं। बीते गुरुवार को मायादेवी मैदान में चारधाम यात्रा से जुड़े कारोबारियों की बैठक कर संयुक्त मोर्चा का गठन कर शुक्रवार को बंद का ऐलान किया था। शुक्रवार को बंद के दौरान सभी चारधाम कारोबारी संयुक्त मोर्चे के बैनर तले मायादेवी मैदान में एकत्र हुए। उन्होंने राज्य की सरकार की बुद्धि शुद्धि के लिए यज्ञ किया।

## घर में घुसकर महिला पर हमला

हरिद्वार। एक महिला पर घर में घुसकर धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया गया। पीड़िता की शिकायत पर शहर कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार तो आरोपी परिवार के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना क्षेत्र के रामलीला मैदान भल्लारोड की 28 मई की है। पुलिस को दी गई शिकायत में महिला रिंकी पत्नी बॉबी ने बताया कि वह देर रात घर पर मौजूद थी। आरोप है कि इसी दौरान पड़ोसी अनिल, उसकी पत्नी एकता, बेटा साहिल और हिमांशु हाथ में भाल्ला और चाकू लेकर उसके घर घुस आए और उस पर हमला बोल दिया।

# MDDA VC बंशीधर तिवारी की योजना लाई रंग, बिल्डर संवारेंगे दून सिटी





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 01 जून : दून को और भी हरा-भरा बनाने के लिए एमडीडीए उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने अभिनव प्रयास किया है। उपाध्यक्ष की इस नवीन पहल के क्रम में बिल्डर, हरेला त्यौहार से पहले शहर के प्रमुख मार्गों को गोद लेंगे। प्राधिकरण बिल्डरों को फलदार पौधों के अलावा दूसरे पौधे व ट्री गार्ड उपलब्ध कराएगा, जिसकी देखरेख की जिम्मेदारी भविष्य में संबंधित बिल्डरों की होगी।

आज प्राधिकरण सभागार में उपाध्यक्ष महोदय की अध्यक्षता में बिल्डर्स के साथ हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। उपाध्यक्ष ने कहा कि यह हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है कि शहर को हरा-भरा बनाएं। इसी क्रम में प्रमुख बिल्डरों को शहर के विभिन्न मार्गों की जिम्मेदारी दी गयी है। महालक्ष्मी बिल्डर्स को जोगीवाला से लेकर रिस्पना पुल, कीर्ति अग्रवाल को निम्बूवाला मार्ग, राजेश खन्ना को पुरकुल रोड, राजेन्द्र अग्रवाल को दिलाराम से गवर्नर हाउस, सिनर्जी अस्पताल के संचालकों को बल्लूपुर चौक से लेकर कैंट थाने तक कि जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा जो बिल्डर बैठक में नहीं पहुँच पाए उन्हें भी अन्य मार्गों की जिम्मेदारी प्रदान की जाएगी।

**कमर्शियल भवनों में tuffened ग्लास के बजाय वैक्यूम ग्लास का करें प्रयोग, भौतिक सत्यापन भी होगा**

उपाध्यक्ष ने बैठक के दौरान बिल्डर्स से कहा कि कमर्शियल भवनों के निर्माण में tuffened ग्लास का इस्तेमाल न किया जाए। उन्होंने कहा कि यह ग्लास ज्यादा एनर्जी ग्रहण करता है जिससे ताप बढ़ता है। इसके स्थान पर उन्होंने बिल्डर्स को वैक्यूम ग्लास के उपयोग के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मानचित्र स्वीकृति के दौरान इसे अनिवार्यता के रूप में शामिल किया जाएगा। इसके अलावा उन्होंने भवनों के निर्माण में ईको फ्रेंडली साम्रगी इस्तेमाल के निर्देश भी दिए। बिल्डर्स द्वारा भी अवगत कराया गया कि साउथ फेसिंग भवनों में वे वेदर कोट कर रहे हैं, जिससे तापमान में कमी होती है। उपाध्यक्ष ने कहा कि फसाड नीति में शामिल सभी 25 बिंदुओं को ईको फ्रेंडली निर्माण में इस्तेमाल करें। बिल्डरों ने बैठक में यह भी अवगत कराया कि उनके द्वारा किये जा रहे निर्माण कार्यों में रिचार्ज पिट, रेन वाटर हार्वेस्टिंग आदि का इंतजाम किया जा रहा है जिस पर उपाध्यक्ष महोदय ने इन तमाम कार्यों के भौतिक सत्यापन के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे बिल्डरों को प्राधिकरण प्रोत्साहित भी करेगा जो ईको फ्रेंडली निर्माण कार्यों को प्राथमिकता देंगे।


**बिल्डर ग्रीन एरिया में लगाएं 25 प्रतिशत फलदार/ छायादार पौधे**

उपाध्यक्ष ने बिल्डरों को यह भी निर्देशित किया कि बड़े आवासीय प्रोजेक्ट में बिल्डर यह भी सुनिश्चित करें कि पार्क इत्यादि में 25 प्रतिशत फलदार व छायादार पौधे रोपें। इसके अलावा बाहर सोलर लाइट्स लगाई जाएं। यह शर्तें अनिवार्य रूप से मानचित्र स्वीकृति के समय पूर्ण करनी होंगी।

# चेक काटते समय कॉर्नर पर क्यों खींची जाती हैं दो लकीरें

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 01 जून : जब भी आप किसी बैंक में अपना अकाउंट खुलवाते हैं तो बैंक की तरफ से आपको एक पासबुक और एक चेक बुक दी जाती है. पास बुक में आपके ट्रांजेक्शन की जानकारी होती है और चेक बुक से चेक लेकर आप इसका इस्तेमाल पेमेंट के लिए कर सकते हैं. जब भी चेक से पेमेंट किया जाता है तो इसमें प्राप्तकर्ता का नाम, बैंक डिटेल्स के साथ कितना अमाउंट ट्रांसफर करना है, ये जानकारी दी जाती है और साइन किए जाते हैं. इसके अलावा चेक के कॉर्नर पर दो लकीरें खींची जाती हैं. क्या आपने कभी सोचा है कि ये लकीरें क्यों खींची जाती हैं? आइए आपको बताते हैं।




चेक के बायीं ओर कोने पर खींची गई दो बराबर की रेखाएं किसी डिजाइन के लिए नहीं खींची जाती, बल्कि इनका निश्चित अर्थ होता है. इन लाइनों का मतलब होता है अकाउंट पेयी ओनली यानी अकाउंट में भरा हुआ अमाउंट सिर्फ उसी व्यक्ति को प्राप्त हो, जिसके नाम से चेक काटा गया है. कई बार लोग चेक पर खींची गई इन लाइनों के बीच में Account Payee या A/C Payee लिख भी देते हैं. अकाउंट पेयी चेक को कोई अन्य व्यक्ति कैश नहीं करवा सकता. सिर्फ उसी व्यक्ति के अकाउंट में भरा गया अमाउंट ट्रांसफर किया जाएगा, जिसके नाम पर चेक काटा गया है। अगर चेक के कोनों पर खींची गई लाइनों के बीच में A/C Payee न लिखा जाए, तो इस चेक को क्रॉस्ड चेक कहा जाता है. क्रॉस्ड चेक के पीछे साइन करके Cheque Enduring की मदद ली जा सकती है. लेकिन अकाउंट पेयी लिखने के बाद चेक को Endorse नहीं किया जा सकता. दरअसल अगर चेक का Payee बैंक जाने की स्थिति में न हो, तो वो किसी अन्य व्यक्ति को भी पैसा पाने के लिए अधिकृत कर सकता है. इस प्रक्रिया को Cheque Endorsement कहा जाता है और इस चेक को एन्डोर्सड चेक कहते हैं. जब चेक को Endorse किया जाता है तो इसके पीछे साइन करके देना जरूरी होता है. इस स्थिति में चेक की मदद से पैसे प्राप्त करने वाला व्यक्ति उन पैसों को किसी अन्य अकाउंट में भी ट्रांसफर करवा सकता है।

# गोनीथ मंदिर को यात्रा रूट में शामिल करने की मांग की

चमोली। व्यापारी और जनप्रतिनिधियों ने शुक्रवार को जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर प्राचीन मंदिर गोपीनाथ मंदिर को यात्रा रूट में शामिल करने की मांग की है। इन लोगों का कहना है कि ऐसा करने से बाहरी राज्यों से आने वाले लोग मंदिर के दर्शन कर सकेंगे।जन प्रतिनिधि विनोद जोशी, व्यापारी नेता अनूप रावत, सुनील पुंडीर, पीयूष विश्नोई, हिमांशु, रवि झिंक्वाण, सतीश पुरोहित के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने जिलाधिकारी हिमांशु खुराना से कहा चारधाम यात्री प्रसिद्ध गोपीनाथ मंदिर दर्शन से वंचित हो रहे हैं। वे गोपेश्वर नगर के प्राकृतिक सौंदर्य को भी देखना चाहते हैं। पर वर्तमान में यात्रा का परिवहन रूट नगर के बाहर ही बाहर रखा गया है। ऐसे में केदारनाथ और बदरीनाथ का यात्री और पर्यटक गोपीनाथ मंदिर दर्शन और ऐतिहासिक नगर देखने से वंचित हो रहा है।

# कोटी के ग्रामीणों पेयजल किल्लत की शिकायत की

नई टिहरी। ब्लाक चंबा के तहत देवरी तल्ली के ग्राम कोटी के ग्रामीणों ने डीएम मयूर दीक्षित को पत्र सौंपकर गांव की पेयजल किल्लत को दूर करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि ग्रामीणों को मवेशियों को पानी पिलाने में तक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों में गौरव, सोहन लाल कोठारी, बालेंदु उनियाल, सतीश, सुनील आदि ने डीएम को सौंपे पत्र में बताया कि गांव में महीनों से निरंतर पेयजल किल्लत बनी हुई है। बार-बार की शिकायतों के बाद भी जल संस्थान ध्यान नहीं दे रहा है। निर्माणाधीन सोलर पंपिंग योजना को जल्द से जल्द पूरा करवाया जाय, ताकि ग्रामीणों की पेयजल किल्लत दूर हो सके।

## संक्षिप्त खबरें

### नगर आयुक्त ने दिए नालों पर से अतिक्रमण हटवाने के निर्देश

हरिद्वार। नगर आयुक्त वरुण चौधरी ने भूपतवाला क्षेत्र में नालों के सफाई कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने नाले पर पसरे अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने सर्वानन्द घाट पार्किंग के पीछे वाले नाले, पवनधाम नाला, लोकनाथ नाला, पुराना आरटीओ चौक का नाला और केले की पुलिया वाले नाले का निरीक्षण किया। उन्होंने वर्षा ऋतु से पूर्व समस्त नालों की सफाई कराने को कहा। निरीक्षण के दौरान, रविन्द्र दयाल, सहायक नगर आयुक्त, रविन्द्र दयाल और श्याम सुन्दर प्रसाद आदि उपस्थित रहे।

### 1 जून को निकाली जाएगी जणदा देवी जात यात्रा

पौड़ी। एकेश्वर ब्लॉक के ग्रामसभा नौगांव और गजेरा से जणदा देवी की जात यात्रा । शुक्रवार को ब्लॉक प्रमुख नीरज पांथरी ने बताया कि इस अवसर पर चौंदकोट क्षेत्र में भव्य मेले का भी आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पहाड़ की ग्रामीण संस्कृति को बनाए रखने के लिए पहले की तरह जात यात्रा व मेले को आकर्षक रूप दिया जाएगा। उन्होंने क्षेत्र के लोगों व प्रवासी उत्तराखंडियों से इस आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है।

### छात्र-छात्राओं को दिलाई नशा नहीं करने की शपथ

पौड़ी। राजकीय महाविद्यालय सतपुली में विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर शुक्रवार को छात्र-छात्राओं को नशा नहीं करने की शपथ दिलाई गई। प्रभारी प्राचार्य प्रोफेसर राकेश इष्टवाल व एंटी ड्रग सेल की नोडल डा. दीप्ति के मार्गदर्शन में विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया गया। इस दौरान बच्चों को तंबाकू उद्योग के हस्तक्षेप से बचाना है थीम पर आयोजित कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं, अध्यापकों व कर्मचारियों से तंबाकू और धूम्रपान का प्रयोग नहीं करने और अन्य लोगों को नशा करने से रोकने की शपथ दिलाई। साथ ही तंबाकू, धूम्रपान के प्रयोग से होने वाले नुकसान की जानकारी दी। इस मौके पर एंटी ड्रग समिति के सदस्य डा. हरिकृष्ण सेमवाल, डा. शूरवीर सिंह आदि शामिल रहे।

### नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से किया हिमालय संरक्षण को लेकर जागरूक

चमोली। भावी शिक्षक शिक्षिकाओं ने शुक्रवार को हिमालय के संरक्षण, धरती को प्लास्टिक मुक्त रखने और युवा पीढ़ी को नशे से दूर रहने के लिए नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया।महाविद्यालय गोपेश्वर में स्व वित पोषित बीएड की छात्र-छात्राओं ने अलग-अलग ग्रुपों के माध्यम से रचनात्मक कार्यों के लिए समाज से अपील की। विभागाध्यक्ष डॉ आरके यादव, डॉ. समीक्षा, डॉ. रुपिन, डॉ. बबीता ने हिमालय के संरक्षण में सबकी भूमिका और इसके लिए साधना की तरह सहयोग की अपील की। प्लास्टिक मुक्त धरती का संकल्प के लिए नुक्कड़ नाटक के जरिये अपील की गई। इस दौरान चारधाम यात्रा पर आए यात्रियों और पर्यटकों से अनुरोध किया गया कि वे प्लास्टिक और पालीथीन को साथ लेकर बिलकुल नहीं आए। बीएड की प्रवक्ता डॉ रुपिन ने कहा बीएड की छात्रा छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से युवाओं को हर प्रकार के नशे से दूर रहने का आह्वान किया।

### दुष्कर्म आरोपी को जेल भेजा

चमोली। नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने मुकदमा दर्ज होने के 24 घंटे में ही गिरफ्तार किया है। दुष्कर्म के आरोपी को न्यायालय में पेश किया जा रहा है।पुलिस ने बताया कि बुधवार को थाना थराली में एक व्यक्ति ने तहरीर दी कि उनकी नाबालिग पुत्री के साथ राजेन्द्र सिंह ने जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाकर दुष्कर्म किया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर थाना थराली में आरोपी के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया।

# उत्तराखंड : नशे का आदी चंद पैसों के लिए बना हैवान, भाई को उतारा मौत के घाट

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उधमसिंह नगर 01 जून : नशा करने के लिए युवक अपनी माँ से 5000 रुपए मांग रहा था लेकिन जब माँ ने नहीं दिए तो उसने माँ और भाई से लड़ाई कर दी, इसी दौरान उसने अपने भाई को ईंट से घायल कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया, आरोपी अभी फरार चल रहा है।काशीपुर से एक ऐसी खबर सामने आ रही है जिसनें रिश्तों को तार-तार कर दिया है। पैंसों के लिए एक भाई दूसरे भाई के खून का दुश्मन बन गया। मामला कुछ ऐसा है काशीपुर के कटोराताल कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला पक्का कोट निवासी दयावती के पांच बेटे और एक बेटी हैं, जिनमें से दो बेटों का निधन हो चुका है।




वर्तमान में उनके तीन पुत्र राम सागर, श्याम सागर और सूरज सागर हैं। राम और श्याम दोनों जुड़वा है व नशे के भी आदी हैं ये लोग कुछ काम नहीं करते बस दिनभर नशा करते थे।मिली जानकारी के अनुसार बीती रात को श्याम उम्र 24 वर्ष अपनी माँ दयावती से पांच हजार रुपए मांग रहा था। माँ के पास पैंसे न होने के कारण उन्होंने मना कर दिया। जिसके बाद श्याम ने माँ और भाई राम से मारपीट शुरू कर दी और इसी झड़प के दौरान श्याम से अपने भाई के सिर पर ईंट से प्रहार कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से लहूलुहान हो गया। घायल अवस्था में भाई सूरज और परिजन उसे हॉस्पिटल ले गए लेकिन चिकित्सकों ने शाम को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामला संज्ञान में ले लिया है और आरोपी भाई की गिरफ्तारी में जुट गई है।

## संपादकीय

### चुनाव को जनता का खौफ

चुनाव चिढ़ाने लगे हैं, वादों के दांतों से डराने लगे हैं। आसमान में चढ़ाते फिर गिरा कर खजूर के पेड़ पर लटका देते हैं जो चुनाव, उन्हीं का पीछा करते अब जनता आगे देखना चाहती है। देश जितना आगे देखेगा, उतनी ही दृष्टि हिमाचली जनता भी प्रत्यक्ष और प्रमाणित करना चाहेगी। जिस देश में मोदी दस साल चले, वहां हिमाचल ने पिछले विधानसभा में पैंतरा क्यों बदला। जिस प्रदेश ने कांग्रेस को सत्ता सौंपी, उसके छह विधायक क्यों सुक्खू सरकार के खिलाफ बगावती हुए। क्या इन चुनावों में पिछले विधानसभा चुनावों का रंज छुपा है या देश के हालात और नए मुद्दों की दीवार पर चढक़र हिमाचल अपना जनादेश खोजेगा। जो भी हो गर्मियों की ऋतु से गर्म स्वभाव के चुनाव में मतदाता की खामोशी निरा संयम तो नहीं। हजारों पोस्टरों और होर्डिंग्स के बीच खुद को दिशाहीन पा रहा मतदाता शायद पूछ रहा है कि इस बार ऐसा क्या खास, जो पिछली बार के मतदान ने उदास किया। चुनाव की ट्रेन को हरी झंडी दिखा कर भी मतदान की मंजिल पर लुटेरों की बस्ती और अनादर की गलियों में आम नागरिक की उम्मीदें। कितनी गारंटियां अब बंट रहीं और चुनाव रेहड़ी पर बांट रहा देश का मुकद्दर, लेकिन घर में बेटे-बेटी के अरमान उपहास उड़ाते हैं। देश-प्रदेश की नीतियों के गहने पहने उम्मीदवारों का शृंगार पहली बार असली और नकली के बीच झूल रहा है तो इसलिए कि राजनीति ने दलबदल को नैतिकता से अलग कर दिया। कौन किसके पलड़े में आबाद और किसने अपनी पार्टी का दामन छोडक़र दूसरे घर का नमक हलाल कर दिया, इस बहस से दूर चुनाव की एकाग्रता में सत्ता का गठजोड़ स्पष्ट है। चुनाव देश के बजाय देश की सरकार के लिए और प्रदेश में भी सत्ता की जय जयकार के लिए हथियाए जा चुके हैं। चुनाव अब लोकतंत्र का पहरावा नहीं, सत्ता का मुजरिम है। न्यायाधीश बनी राजनीति बरगला रही है अपनी ही न्याय पद्धति से चुनाव को चला रही है। यह दीगर है कि चलते चुनाव के साथ जनता कतई नहीं चल रही। जो मीडिया बहस में बोला या तौला जा रहा, उससे दूर छिटक कर क्यों बैठ गई जनता। क्या जनता को गारंटियों की गारंटी पर भरोसा नहीं या नेताओं के रिपोर्ट कार्ड पर इतना संदेह है कि वक्त के जख्म अब कुरेदे नहीं जा रहे। जो प्रचार यह दर्शा रहा कि देश की किस्मत 400 के पार हो रही, उसे भी मालूम नहीं कि मतदाता की खामोशी में पतझड़ का अंदेशा है या वसंत की कलियों में खिलने से पूर्व का संघर्ष है। हिमाचल में अग्निवीर योजना की समीक्षा में भाजपा के लिए प्रदेश की सैन्य पृष्ठभूमि आड़े आ रही है, लेकिन बागी विधायकों की रुसवाई में कांग्रेस की सत्ता को अग्निपरीक्षा देनी पड़ रही है। हिमाचल में चुनाव के एक पक्ष में लाभ की रेखा है, तो दूसरे ही पल हानि की मुद्रा में जनता का खौफ सता रहा है। जनता की कचहरी पहले भी थी, लेकिन पहली बार इसके तेवर बदले हैं। यह चुनाव के भीतर लोकतंत्र की बची खुची मर्यादा के लिए सही वक्त खोज रही है।

## सिंचाई के लिए पानी नहीं मिलने से फसलों को नुकसान

हरिद्वार। बोंगला गांव में पिछले 5 दिन से राजवाहे की पटरी टूटी होने के कारण किसानों को सिंचाई के लिए पानी नहीं मिल रहा है। किसानों ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को शिकायत की है। लेकिन अभी तक कई कार्यवाही नहीं हुई। बोंगला गांव में पांच दिन पहले राजवाहे की पटरी टूट गई थी। जिस करण राजवाहे का पानी आगे नहीं जा पा रहा है। जिस करण सैकड़ो बीघा जमीन को सिंचाई का पानी नहीं मिल रहा है। इससे लगभग 250 बीघा जमीन में खड़ी फसल सूखने के कगार पर पहुंच गई है। राजवाहे की पटरी टूटने की शिकायत किसानों ने विभाग के अधिकतर सभी संबंधित अधिकारियों को कर दी लेकिन 5 दिन बीतने के बावजूद राजवाहे की पटरी को ठीक नहीं कराई गई। किसान मनोज चौहान, अश्वनी, प्रेम सिंह, अर्जुन, तेलूराम,तेलूराम, छोटू, महेंद्र सिंह, ब्रह्मपाल, सुखबीर आदि किसानों ने बताया कि नहर टूटने के कारण राजवाहे का अधिकतर पानी बह जा रहा है। इस कारण आगे पानी नहीं जा रहा है। सिंचाई के लिए पानी नहीं मिलने से फसलों को नुकसान हो रहा है। सिंचाई विभाग के अधिकारियों को कोई जानकारी देने के बाद भी पटरी की मरम्मत नहीं करती।

## तंबाकू से होने वाले नुकसान को लेकर जागरूक किया

हरिद्वार। विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग ने जनजागरूकता रैली का आयोजन किया। स्कूली बच्चों ने हाथों में तंबाकू से होने वाले नुकसान की तख्ती लेकर लोगों को जागरूक करते दिखे। सीएमओ डॉ.मनीष दत्त, जिला अस्पताल के प्रमुख अधीक्षक डॉ. सीपी त्रिपाठी एवं रेडक्रास सोसायटी के सचिव डॉ. नरेश चौधरी के नेतृत्व में जागरुकता रैली ऋषिकुल आयुर्वेदिक चिकित्सालय से देवपुरा चौक तक तथा वापस बाद ऋषिकुल सभागार में पहुंची।

रैली के बाद गोष्ठी का आयोजन किया गया। जहां पहुंचे सीडीओ प्रतीक जैन से तंबाकू के प्रयोग से होने वाले नुकसान के विषय में विस्तार से बताया। उन्होंने गोष्ठी में उपस्थित स्कूली बच्चों को अपने आसपास के पांच लोगों को तंबाकू का सेवन न करने के लिए

## संक्षिप्त खबरें

### शांतिकुंज परिवार ने जन जागरण रैली निकाली

हरिद्वार। विश्व तंबाकू निषेध दिवस के मौके पर शांतिकुंज परिवार ने जन जागरण रैली निकाली। इस वर्ष विश्व तंबाकू निषेध दिवस की थीम बच्चों को तंबाकू उद्योग के हस्तक्षेप से बचाना है। इस रैली में शांतिकुंज के अंतेवासी कार्यकर्त्ता सहित विभिन्न साधना व प्रशिक्षण शिविरों में आये प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। तंबाकू भगाओ-देश बचाओ, पान बीड़ी और शराब-स्वास्थ्य को करते खराब, नशा नाश की जड़ है भाई जैसे विभिन्न नारे लगाये गये। अपने संदेश में अखिल विश्व गायत्री परिवार प्रमुख श्रद्धेय डॉ प्रणव पण्ड्या ने कहा कि किसी भी रूप में तंबाकू का अधिक सेवन क्षय रोग, हृदय रोग, उदर रोग, नेत्रों की खराबी सहित अनेक बीमारियाँ उत्पन्न हो जाती हैं। पैरों की नसों से लेकर मस्तिष्क तक को भारी नुकसान पहुंचाता है। इस समय युवाओं को तंबाकू जैसी खतरनाक नशे के सेवन से बचना है, तभी हमारा देश विकसित व सभ्य देश बन पायेगा। उन्होंने कहा कि विश्व के अनेक शैक्षणिक संस्थानों में हुए रिचर्स से पता चला है कि भयानक कैंसर रोग का एक बड़ा कारण धूम्रपान ही है। संस्था की अधिष्ठात्री श्रद्धेया शैलदीदी ने कहा कि भूटान सहित अनेक देशों में तंबाकू का प्रयोग निषिद्ध है, भारत को इन देशों से सीख लेना चाहिए। श्रद्धेया दीदी ने कहा कि दुर्व्यसन मनुष्य के वास्तविक प्राणघातक शत्रु हैं। इनमें मादक पदार्थ प्रधान हैं। तंबाकू, चरस, भाँग, अफीम, शराब आदि नशीली चीजें एक से एक बढ़कर हानिकारक हैं। शांतिकुंज के संस्थापक युगऋषि पं श्रीराम शर्मा आचार्य जी ने इस कई दशक पूर्व ही दुर्व्यसन मुक्त भारत की परिकल्पना की थी और अपने शिष्यों को इस दिशा में कार्य करने के लिए सदैव प्रेरित करते रहे। वर्तमान समय में श्रद्धेय डॉ प्रणव पण्ड्या जी व श्रद्धेया शैलदीदी ने मार्गदर्शन एवं युवा आइकान डॉ चिन्मय पण्ड्या के नेतृत्व में राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं।

### शांतिकुंज में दो दिवसीय शिक्षक गरिमा शिविर का समापन

हरिद्वार। गायत्री तीर्थ शांतिकुंज में दो दिवसीय शिक्षक गरिमा शिविर का आज समापन हो गया। इस शिविर में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा से जुड़े मध्यप्रदेश व महाराष्ट्र राज्य के शिक्षक व शिक्षिकाएँ शामिल रहे। शिविर के समापन समारोह को संबोधित करते हुए शांतिकुंज के वरिष्ठ कार्यकर्त्ता श्री शिवप्रसाद मिश्र ने कहा कि प्राचीनकाल में जिस तरह गुरुओं ने अपने आचरण व व्यवहार से शिष्यों को संस्कृति को पढ़ाने और उन्हें संस्कार देने का कार्य किया करते थे। युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य ने भी अपने शिष्यों को तैयार किया है, उसी तरह आज शिक्षकों को शिक्षण के साथ अपने आचरण व व्यवहार से विद्यार्थियों को तैयार करना चाहिए। देव संस्कृति विश्वविद्यालय के कुलपति श्री शरद पारधी ने अध्यापकों को युग निर्माता बताया। समापन अवसर पर मध्यप्रदेश के सीमा नामदेव, चंद्रमोहन गौड़, ज्योति दीक्षित, राजेश कुमार त्रिवेदी, रविशंकर पारखे तथा महाराष्ट्र के रजनी लुंगसे, हनुमंत गौर गोरखनाथ शिंदे, प्रसन्न बुलढाणा, नीता संतोष, गणेश पिंडरी आदि को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। दो दिवसीय इस शिविर में कुल दस सत्र हुए, जिसमें श्री वीरेन्द्र तिवारी, श्री योगेन्द्र गिरि, श्री रामयश तिवारी, श्रीमती शशिकला साहू, श्री अभय सक्सेना आदि ने भी संबोधित किया।

### ग्रामीण क्षेत्र के गांव में फोगिंग कराने की मांग उठाई

हरिद्वार। पथरी क्षेत्र के कई गांव में बढ़ती गंदगी के कारण मच्छरों की तादाद बढ़ती जा रही है। गंदगी होने से लोग बुखार से पीड़ित है। गांव में बढ़ते मच्छरों के प्रकोप को रोकने के लिये ग्रामीणों ने गांव में फॉगिंग कराने की मांग की है । गांव धनपुरा, पदार्था, फेरुपुर सहित कई गांवों में पिछले करीब एक माह से बुखार ने अपनी पकड़ बनाई हुई है। गांव में बढ़ते मच्छरों के प्रकोप से लोग बुखार की जद में हैं। ग्रामीण नसरत अली, मुस्तकीम अहमद, नूर अली, शहनवाज, जब्बार, रिजवान, सादिक, राकेश कुमार, सोनू प्रजापति का कहना है कि गांव में नालियों का गंदा पानी भरा रहता है। इसके कारण रुके हुए पानी में मच्छर पनप रहे हैं। बार बार गांव में फोगिंग की मांग करने के बाद भी सुध नहीं ली जा रही है जबकि सभी पंचायतों में फॉगिंग मशीन उपलब्ध है। ग्रामीण इलियाश, जब्बार मालिक, नूर आलिया, सुमित कुमार, सोहन कुमार, मुस्तकीम अहमद, शेरअली, कलावा, जाकिर हसन, सलीम अहमद, सुशील कुमार, सिभू सोकत अली, प्रदीप कुमार, बिलाल, रिजवान अली, पुरुषोत्तम, सुनील कुमार, सरजीत ने जल्द गांव में फॉगिंग कराने की मांग की है। ग्राम सचिव सचिन चौहान ने बताया सभी पंचायतों में फोगिंग मशीन उपलब्ध हैं। जल्द गांव में फॉगिंग कराने का कार्य शुरू किया जाएगा।

### किसानों ने गंगनहर से माइनरों में भरपूर पानी छोड़ने की लगाई गुहार

हरिद्वार। पथरी क्षेत्र के कई गांवों में किसानों को गंगनहर का पानी नहीं मिलने से गन्ने की फसल सूखने के कगार पर है। किसानों को धान की पौध की बुआई में भी पानी नहीं मिलने के चलते देरी हो रही है। किसानों के खाली पड़े खेत पानी का इंतजार कर रहे हैं। पथरी क्षेत्र में इन दिनों गन्ने की फसल को पानी की जरूरत है। अधिकांश फसल पानी नहीं मिलने के कारण पीली पड़ रही है। गंगनहर के पानी से सिंचाई होने वाले सभी खेत पानी का इंतजार कर रहे है। उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग की और से अभी तक गंगनहर से माइनरों में भरपूर पानी नही छोड़ा गया है। पानी नही मिलने के कारण सभी खेतों में फसलें सूखने के कगार पर हैं।

### संविधान बदलने और आरक्षण खत्म करने की बात कर विपक्ष फैला रहा भ्रमः आलोक कुमार

हरिद्वार। विश्व हिंदू परिषद के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार ने कहा है कि लोकसभा चुनाव में विपक्ष की ओर से उठाया जा रहा संविधान बदलने का मुद्दा पूरी तरह झूठ है। संविधान बदलने जैसी कोई बात नहीं है। गुरुकुल महाविद्यालय में बजरंग दल के प्रशिक्षण वर्ग के समापन के दौरान पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि संविधान बदलने और आरक्षण खत्म करने जैसे मुद्दे उठाकर विपक्ष भ्रम फैला रहा है और समाज को बांटने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि विहिप का स्पष्ट मत है कि आरक्षण तब तक चलना चाहिए। जब तक समाज में समानता नहीं आ जाती। जब अनुसूचित समाज स्वयं कहे कि समाज में व्याप्त असमानता समाप्त हो चुकी है तो इस पर विचार किया जाना चाहिए। अयोध्या राममंदिर के संबंध में विहिप अध्यक्ष ने कहा कि मंदिर की पहली मंजिल पर महर्षि वाल्मीकि, माता शबरी, जटायु, वशिष्ठ और विश्वामित्र की मूर्तियां स्थापना करने का काम चल रहा है। जो कि इस वर्ष के अंत तक पूरा कर लिया जाएगा।

### प्रॉपर्टी डीलरों से 1.37 करोड़ हड़पे

हरिद्वार। तीन प्रॉपर्टी डीलरों से भूमि का सौदा कर 1.37 करोड़ की रकम की ठगी कर ली गई। ज्वालापुर पुलिस ने शुक्रवार को प्रॉपर्टी डीलरों की शिकायत पर गाजियाबाद निवासी पिता पुत्र के खिलाफ धोखाधड़ी समेत प्रभावी धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पुलिस को दी गई शिकायत में देवेंद्र शर्मा पुत्र धर्मेंद्र शर्मा निवासी मोहल्ला चाकलान, असलम खान पुत्र नाजर खान निवासी कटहरा बाजार और अरविंद त्यागी पुत्र चंद्र किरण त्यागी निवासी आर्यनगर ने बताया कि उन्होंने नूरपुर पंजनहेड़ी में भूमि का सौदा राजेश कुमार पुत्र ओमप्रकाश निवासी जी-43 पटेल नगर गाजियाबाद यूपी से 50 लाख रुपये प्रति बीघा के हिसाब से किया था।

दैनिक न्यूज़ वायरस
**संपादक : मौ.सलीम सैफी** न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से मुद्रित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से प्रकाशित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002
**RNI No. :** UTTHIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com
**Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

# एसएसपी पौड़ी के दिशा-निर्देशन में पौड़ी पुलिस लगातार कर रही मानवतापूर्ण कार्य






**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

पौड़ी 01 मई : पुलिस मुख्यालय स्तर से गुमशुदाओं की तलाश में 02 माह का “ऑपरेशन स्माइल” चलाया जा रहा है, जिसके तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी लोकेश्वर सिंह द्वारा जनपद के समस्त थाना प्रभारियों व ऑपरेशन स्माइल टीम को गुमशुदाओं की तलाश कर उनके परिजनों से मिलाने हेतु निर्देशित किया गया है।

जिसके क्रम में शशि देवी ने “ऑपरेशन स्माइल” टीम को सूचना दी कि उनकी पुत्री सुनीता देवी पत्नी स्व0 वीरेन्द्र सिंह उम्र- 49 वर्ष, निवासी कोटद्वार पौड़ी गढ़वाल जो कि मानसिक रूप से कमजोर है वह बिना बताए घर से कहीं चली गयी है और अभी तक घर वापस नहीं आयी है। इस सूचना पर ऑपरेशन स्माइल टीम द्वारा बिना समय गंवाए त्वरित कार्यवाही करते हुये कोटद्वार के आस-पास गुमशुदा को तलाश किया जिसमें ऑपरेशन स्माइल टीम को पता चला कि गुमशुदा कोटद्वार रेलवे स्टेशन से कानपुर की ट्रेन में बैठी हुयी थी। तत्पश्चात ऑपरेशन स्माइल टीम द्वारा गुमशुदा की जानकारी सोशल मीडिया के माध्यम से प्रसारित की गयी व कानपुर के रेलवे स्टेशन के आस पास के थानों में भी गुमशुदा के विषय में जानकारी दी गयी।

गुमशुदा के तलाश के दौरान जब थाना अकबरपुरा, कानपुर पुलिस से सम्पर्क किया गया तो उनके द्वारा बताया गया कि गुमशुदा के हुलिया से मिलती जुलती एक महिला कचौसी, कानपुर के आस पास लावारिस हालत में घूम रही थी और जिसको काफी चोटें आयी हुयी थी जिसको अकबरपुर पुलिस द्वारा अकबरपुरा जिला अस्पताल में भर्ती किया गया। जिसके बाद ऑपरेशन स्माइल टीम गुमशुदा के परिजनों के साथ अकबरपुरा जिला अस्पताल पहुंचे तो पता चला कि गुमशुदा महिला अस्पताल से भी कहीं चली गयी है। जिस पर ऑपरेशन स्माइल टीम व गुमशुदा के परिजनों द्वारा अकबरपुरा व उसके आस पास के क्षेत्रों में गुमशुदा की खोजबीन की तो गुमशुदा महिला सुनीता देवी को अकबरपुरा क्षेत्र से सकुशल बरामद किया गया।

उक्त गुमशुदा को सुरक्षा की दृष्टि से एएचटीयू कार्यालय कोटद्वार लाकर सकुशल परिजनों के सुपुर्द किया गया। जिस पर परिजनों द्वारा पौड़ी पुलिस का आभार प्रकट कर धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

पुलिस टीम-1. महिला उपनिरीक्षक सुमनलता 2. आरक्षी संजीव कुमार3. आरक्षी शेखर सैनी4. आरक्षी आकाश मीणा5. महिला आरक्षी विद्या मेहता

# PWD : गंगा बहती रही मैं नौकरी करता रहा : दीपक कुमार प्रमुख अभियंता






**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

सेवानिवृत्ति के बावजूद भी सरकारी महकमें अपनी जिम्मेदारियां को निभाते रहने के लिए काम में पारदर्शिता के साथ ही शुचिता बनाए रखना बेहद चुनौती पूर्ण काम है। इंजीनियर दीपक कुमार यादव प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग उत्तराखंड ने अपनी सेवा काल का सबसे बड़ा हिस्सा उत्तराखंड सरकार के साथ बिताया है।

फिर बढ़ा 6 महिने का विस्तार

सेवा में विस्तार यानी कि एक्सटेंशन तो सुना गया था लेकिन पोस्ट एक्सटेंशन बहुत कम सुनने और देखने को मिलता है लेकिन अगर आपका काम उत्कृष्ट होता है तो उसका नाम इंजीनियर दीपक कुमार प्रमुख अभियंता लोक निर्माण होता है बीती शाम 6 महीने का सेवा विस्तार समाप्त हो रहा था लेकिन सरकार ने पुनः 6 महीने का विस्तार इंजीनियर दीपक कुमार को दे दिया है।मालूम हो कि पहले भी दीपक कुमार दिसंबर 2023 को रिटायर हो रहे थे लेकिन उन्हें 6 माह के लिए सेवा विस्तार मिला था और अब पुनः अतिरिक्त विस्तार मिल गया है।दीपक कुमार बीती शाम सेवानिवृत हो रहे थे लेकिन बद्रीनाथ केदारनाथ धाम के निर्माण कार्यों और मानस खंड में विभिन्न कार्यों में उनकी विशेषज्ञता और आवश्यकता को देखते हुए 6 माह का अतिरिक्त सेवा विस्तार सरकार ने दिया है।इंजीनियर दीपक कुमार यादव के सेवा विस्तार को विशेष परिस्थितियों और अपवाद स्वरूप माना जा रहा है

शुचिता, पारदर्शिता और सेवा निष्ठा ही मूल मंत्र

इंजीनियर दीपक कुमार ने बताया कि जब प्रदेश का बंटवारा नहीं हुआ था उस वक्त भी वह उत्तराखंड के उत्तरकाशी में तैनात थे तबादला हुआ तो उत्तर प्रदेश चले गए चले गए, लेकिन एक बार फिर जब नए प्रदेश की नींव उत्तरांचल और अब उत्तराखंड के रूप में पड़ी तो उन्हें दोबारा यहां पर काम करने का मौका मिला। इंजीनियर दीपक कुमार ने बताया कि उनकी शुरुआती पढ़ाई लखनऊ से हुई इसके बाद वो इंजीनियरिंग की पढ़ाई के लिए इलाहाबाद गए और बाद में सहायक अभियंता के रूप में लोक निर्माण विभाग में सेवारत हुए। दीपक कुमार ने कहा कि वैसे तो उत्तराखंड लोक निर्माण विभाग में काम करते हुए उनके पास कई अहम प्रोजेक्ट और उसकी यादें हैं लेकिन वह अपना सबसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट उन सड़कों को मानते हैं जिससे कि अब कई रास्तों को जोड़कर यातायात की दूरी को कम किया जा सका है।

रिसर्च एंड डेवलपमेंट में उत्तराखंड लोक निर्माण विभाग सबसे आगे

प्रमुख अभियंता दीपक कुमार ने बताया कि उत्तराखंड का लोक निर्माण विभाग भारत का ऐसा विभाग है जहां पर रिसर्च एंड डेवलपमेंट के आधार पर सड़कों को नए वैज्ञानिक पद्धति के अनुसार तैयार किया गया है जिससे कि न सिर्फ सड़कों की गुणवत्ता सुधरी है बल्कि वह ज्यादा समय तक टिकाऊ रहती हैं खास तौर पर पहाड़ की भौगोलिक परिस्थितियों और मौसम को देखते हुए उत्तराखंड की सड़कें अन्य जगहों के मुकाबले लंबे समय तक चलने वाली है जिन पर बारिश का असर भी कम से कम देखा गया है।

पर्यावरण की सुरक्षा व्यक्तिगत रुचि

अनुकरणीय पहलः इं० दीपक कुमार प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग ने कार्यालय में प्लास्टिक फोल्डर पर पिछले महीने ही रोक लगा दी थीप्लास्टिक का उपयोग घर हो या ऑफिस पर्यावरण और हमारे स्वास्थ्य के लिए एक बड़ा खतरा है। कार्यालय के दैनिक कामकाजों में बढ़ते प्लास्टिक फोल्डरों के चलन को तत्काल प्रभाव से बंद करने की अनोखी पहल देहरादून में सबसे पहले इंजीनियर दीपक कुमार प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग ने कर दी थी। माना जा रहा है कि आने वाले समय में इंजीनियर दीपक कुमार की इस सराहनीय पहल को दूसरे विभाग भी अमल में लाएंगे।

प्लास्टिक जान लेवा है प्रमुख अभियंता

प्रमुख अभियंता दीपक कुमार ने कार्यालय आदेश जारी करते हुए कहा था कि लोक निर्माण विभाग के सभी संबंधित कार्यालयों में कागजी कामकाज को सहेजने के लिए जिन प्लास्टिक फोल्डरों का अभी तक प्रयोग होता आया है उसे तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया जाए। दीपक कुमार ने अपने आदेश में पर्यावरण की चिंता व्यक्त करते हुए सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को अपने पत्र में इंगित करते हुए लिखा है कि प्रयोग किए जाने वाले प्लास्टिक फोल्डर पुराने होने के बाद हमारे जल ,जमीन और पर्यावरण को प्रदूषित करता है। इंजीनियर दीपक कुमार ने लिखा था कि प्लास्टिक एक ऐसा तत्व है जोकि कभी खत्म नहीं होता और हमारे लिए गंभीर खतरा बनता है, उन्होंने कहा है कि प्लास्टिक का उत्पादन, उपयोग और निस्तारण पर्यावरण के लिए गंभीर चुनौती पैदा कर रहा है, अपने इसी आशय के साथ प्रमुख अभियंता दीपक कुमार ने प्लास्टिक पर निर्भरता कम से कम करने का सुझाव और आदेश दोनों अपने पत्र में दिया था।

कार्यालय में प्लास्टिक फोल्डर के बजाय पेपर फोल्डर का उपयोग हो

प्रमुख अभियंता ने अपने आदेश में कहा है कि दैनिक कामकाजों में जरूरी कागजात को सुरक्षित रखने और अग्रसारित करने के लिए पेपर निर्मित फोल्डरों का उपयोग किया जाए जो कि पर्यावरण के लिहाज से सुरक्षित है। दीपक कुमार के इस पत्र की प्रतिलिपियों को उत्तराखंड के सभी लोक निर्माण कार्यालय में तुरंत प्रेषित कर दिया गया है साथ ही सभी को तत्काल प्रभाव से इस आदेश को प्रभावी करने के लिए सूचित कर दिया गया था। समझा जा रहा है कि प्राकृतिक संपदा से संपन्न उत्तराखंड के पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए प्रदेश के अन्य कार्यालय भी प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग की इस मानवीय पहल पर अपने भी सार्थक कदम उठाएंगे। इन तमाम मुद्दों के साथ ही प्रमुख अभियंता दीपक कुमार ने जनता से अपने घर और आसपास बड़े वृक्ष लगाने की बात भी कही है जिससे कि हम पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी को पूरा करके आने वाली नस्लों के लिए स्वस्थ वातावरण बना सकें।